निर्वाचन कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं-डीएम


एमएलसी चुनाव के लिए मतदान कार्मिकों को दिया गया प्रथम प्रशिक्षण, २३ अक्तूबर को सुबह आठ से शाम चार बजे तक होगा मतदान

ज्ञानपुर। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के वाराणसी खंड स्नातक एवं खंड शिक्षक निर्वाचन-2026 को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पीठासीन अधिकारियों और मतदान अधिकारियों को प्रथम प्रशिक्षण दिया गया। जिलाधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर शैलेष कुमार की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण में मतदान प्रक्रिया, निर्वाचन नियमों और मतदान कार्मिकों के दायित्वों की विस्तार से जानकारी दी गई। जिले में दोनों निर्वाचन क्षेत्रों के लिए कुल 20 मतदान स्थल निर्धारित किए गए हैं। यहां 23 अक्टूबर को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा। प्रशिक्षण के दौरान मतदान कार्मिकों को भारत निर्वाचन आयोग की



ओर से जारी दिशा-निदेर्शों की जानकारी सरल भाषा में उदाहरणों के माध्यम से दी गई। अधिकारियों को मतदान से जुड़ी विभिन्न प्रक्रियाओं, नियमों के पालन और निर्वाचन के दौरान आने वाली संभावित समस्याओं से निपटने के तरीके समझाए गए। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कहा कि विधान परिषद के स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी और मतदान कार्मिक पूरी निष्ठा, ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। निर्वाचन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण को गंभीरता से समझें और भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश की ओर से जारी दिशा-निदेर्शों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में ही अधिकारी की कार्यक्षमता और कर्तव्यनिष्ठा का वास्तविक आकलन होता है। ऐसे में सभी मतदान कार्मिक टीम भावना, आपसी समन्वय और आत्मविश्वास के साथ काम करें। निर्वाचन के दौरान किसी प्रकार की समस्या या असमंजस की स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल संबंधित अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त करें, ताकि मतदान प्रक्रिया में कोई बाधा न आए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्वाचन कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि वाराणसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए जिले में 15 और खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए पांच मतदान स्थल निर्धारित किए गए हैं। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए अभोली, सुरियावां, भदोही, औराई और डीघ के खंड विकास अधिकारी कार्यालयों के अलावा नगर पालिका परिषद कार्यालय गोपीगंज तथा तहसील कार्यालय ज्ञानपुर में मतदान स्थल निर्धारित हैं। वहीं, शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए सुरियावां, भदोही, औराई और डीघ के खंड विकास अधिकारी कार्यालयों तथा नगर पालिका परिषद कार्यालय गोपीगंज में मतदान कराया जाएगा। मतदान 23 अक्टूबर को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक होगा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मतदान स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाएं। मतदान कार्मिक निर्वाचन संबंधी नियमों, प्रक्रियाओं और अपने दायित्वों की पूरी जानकारी रखें, जिससे मतदान के दिन किसी तरह की असुविधा न हो। उन्होंने मतदान केंद्रों पर निर्वाचन संबंधी निदेर्शों का कड़ाई से पालन कराने तथा इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लेकर मतदान केंद्र में प्रवेश पर लागू प्रतिबंध संबंधी दिशा-निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ काम करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने में अपनी जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए।

महिलाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



ज्ञानपुर। शारदीय नवरात्र के अवसर पर महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन का संदेश देने के लिए सोमवार को भदोही में मिशन शक्ति अभियान फेज 6.0 का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने दुर्गागंज तिराहे से भव्य पैदल मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मार्च ज्ञानपुर स्थित पुलिस लाइन तक निकाला गया। सुबह नौ बजे शुरू हुए पैदल मार्च में अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल समेत पुलिस अधिकारी, कर्मचारी, विभिन्न थानों एवं मिशन शक्ति केंद्रों पर तैनात महिला पुलिसकर्मी और विद्यालयों की छात्राएं शामिल हुईं। मार्च के दौरान महिला सुरक्षा से जुड़े स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर चल रही महिला पुलिसकर्मियों ने लोगों को जागरूक किया।

८०० से अधिक दुर्गा पंडालों पर पुलिस की रहेगी नजर, ड्रोन से होगी निगरानी

ज्ञानपुर। शारदीय नवरात्रि, दुर्गा पूजा और रामलीला सहित अन्य धार्मिक आयोजनों को सकुशल संपन्न कराने के लिए भदोही पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। जिले में 800 से अधिक दुर्गा पंडालों में मूर्ति स्थापना की गई है। वहीं, लगभग 90 स्थानों पर तथा नौ दिवसीय रामलीला के दौरान विभिन्न जगहों पर मेले आयोजित होने हैं। ऐसे में भीड़भाड़ वाले और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने बताया कि धार्मिक आयोजनों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पूजा समितियों के पदाधिकारियों और संभ्रांत लोगों के साथ थाना, क्षेत्राधिकारी और जिला प्रशासन स्तर पर बैठकें कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक दुर्गा पूजा पंडाल पर एक पुलिसकर्मी नामित किया गया है। वह आयोजकों के संपर्क में रहकर उनकी समस्याओं से अवगत होगा और मूर्ति स्थापना से लेकर विसर्जन तक आवश्यक पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित करेगा।

मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

देवी गीतों, जयकारों से गूंजे मंदिर

कांवल। शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन सोमवार को वैराग्यदात्री मां ब्रह्मचारिणी की श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। सुबह से ही क्षेत्र के देवी मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी। दोपहर तक मंदिरों में श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। इस दौरान देवी गीतों और जयकारों से मंदिर परिसर गूंजते रहे। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां दुर्गा के नौ स्वरूपों में मां ब्रह्मचारिणी दूसरा स्वरूप हैं। भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त करने के लिए देवी ने कठोर तपस्या की थी। इसी कारण उन्हें तप और संयम की देवी माना जाता है। मां ब्रह्मचारिणी का स्वरूप ज्योतिर्मय और भव्य है। उनके दाएं हाथ में जपमाला और बाएं हाथ में कमंडल सुशोभित है। मान्यता है कि मां ब्रह्मचारिणी की आराधना से भक्तों में तप, त्याग, सदाचार, संयम और वैराग्य की भावना मजबूत होती है। देवी का यह स्वरूप जीवन में धैर्य, कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प का संदेश देता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, बिना तपस्या और परिश्रम के सफलता प्राप्त करना संभव नहीं है। नवरात्र के दूसरे दिन भक्तों ने मां की आराधना कर परिवार की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की।

महिला सम्मान पर कांग्रेस की चुप्पी के खिलाफ भाजपा महिला मोर्चा का प्रदर्शन

ज्ञानपुर। महिला सम्मान के मुद्दे पर कांग्रेस नेतृत्व की कथित चुप्पी के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा ने सोमवार को जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। 'महिला जन आक्रोश' के तहत आयोजित 'नारी शक्ति हुंकार आंदोलन' में कार्यकर्ताओ ने कांग्रेस सांसद एवं जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व प्रोफेसर अंगोमचा



बिमोल अकोइजाम के खिलाफ11 छात्राओं की शिकायतों के मामले को उठाते हुए राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा से जवाब मांगा। प्रदर्शन के दौरान महिला मोर्चा की पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने तख्तियां लेकर कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने सवाल उठाया कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की बात करने वाली कांग्रेस इस मामले में खुलकर अपना पक्ष क्यों नहीं रख रही है। कार्यकर्ताओं ने प्रियंका गांधी वाड्रा के नारे 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' का उल्लेख करते हुए पूछा कि कांग्रेस 11 छात्राओं के न्याय की मांग के साथ खड़ी होगी या अपने सांसद का बचाव करेगी।

शांतिभंग की आशंका में १३ गिरफ्तार, एक वारंटी भी दबोचा

यातायात नियमों के उल्लंघन पर २२८ वाहनों का चालान

ज्ञानपुर। जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने रविवार को अभियान चलाकर शांति भंग की आशंका में 13 लोगों को गिरफ्तार किया। वहीं, कोईरौना पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। इस तरह पुलिस ने कुल 14 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस की ओर से 11 अक्टूबर को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ज्ञानपुर थाना क्षेत्र के छोटूपुर गांव से उपनिरीक्षक सत्येंद्र राय ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया। वहीं, उपनिरीक्षक प्रमोद सिंह यादव ने कस्बा ज्ञानपुर से एक व्यक्ति को शांति भंग की आशंका में पकड़ा। सुरियावां थाना क्षेत्र के कुंदीपुर गांव से उपनिरीक्षक मोहम्मद शकील खां ने दो और कस्बा सुरियावां से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। इसी क्रम में गोपीगंज थाना क्षेत्र के अमवांमाफी गांव से उपनिरीक्षक अवधनारायण सिंह ने दो लोगों को गिरफ्तार किया। इन सभी के खिलाफभारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 170/126/135 के तहत कार्रवाई करते हुए संबंधित न्यायालय में चालान किया गया। उधर, कोईरौना थाना क्षेत्र के सोनईचा गांव से उपनिरीक्षक बृजेश कुमार राय ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

भाजपा अनुसूचित मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत

ज्ञानपुर। भाजपा अनुसूचित मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रमेश पासी का सोमवार को जिले में कई स्थानों पर स्वागत किया गया। दुर्गागंज तिराहे पर चेयरमैन डॉ. घनश्याम दास गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया।इस दौरान रमेश पासी ने कहा कि पार्टी ने उन पर जो भरोसा जताया है, उस पर वह पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। समाज के सभी वर्गों को साथ



लेकर चलना उनकी प्राथमिकता होगी। संगठन को मजबूत बनाने के लिए हर स्तर पर कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम करेंगे।इसके बाद मिल्की स्थित ज्ञानपुर के निषाद पार्टी के विधायक विपुल दुबे के आवास पर समर्थकों ने उनका स्वागत किया। वहीं, भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा समेत अन्य पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर बधाई दी। स्वागत कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। इस मौके पर अशोक जायसवाल, रत्नेश त्रिपाठी, पवन श्रीवास्तव, मिलिंद गुप्ता, ब्रह्मा मोदनवाल समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

डा. लोहिया के विचार अब भी प्रासंगिक-प्रदीप यादव

पुण्यतिथि पर गोष्ठी आयोजित कर दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि

ज्ञानपुर। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट, कंसापुर में सोमवार को स्वतंत्रता सेनानी, प्रखर चिंतक और समाजवादी विचारधारा के



पुरोधा डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा और गोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ ने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। गोष्ठी में सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव ने कहा कि डॉ. राम मनोहर लोहिया ऐसी अलौकिक विभूति थे, जिनका स्मरण करते ही समाजवादी विचारधारा का बोध होने लगता है। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। लोहिया का मानना था कि जो सरकार जनता को संतुष्ट नहीं कर सकती, उसे सत्ता में बने रहने का अधिकार नहीं है। जनता को ऐसी सरकार को बदल देना चाहिए। प्रदीप यादव व हसनैन अंसारी ने लोहिया के विचारों को उद्धत करते हुए कहा, सड़कें सूनी रहीं तो संसद भवन आवारा हो जाता है। उन्होंने कहा कि लोहिया जन आंदोलनों और जनता की सक्रिय भागीदारी को लोकतंत्र की मजबूती का आधार मानते थे। उनका कथन जिंदा कौमें पांच साल इंतजार नहीं करतीं आज भी जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करने की प्रेरणा देता है।

विधानसभा चुनाव २०२७ से पहले नेताओं की लखनऊ परिक्रमा तेज

औराई विधायक दीनानाथ के साथ सीएम से मिले पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री मदनलाल बिंद

भदोही। उत्तर प्रदेश में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की आहट के बीच सत्ताधारी दल के नेताओं ने लखनऊ की दौड़ शुरू कर दी है। टिकट की दावेदारी को मजबूत करने और संगठन में पकड़ बनाए रखने के लिए नेता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लगातार मुलाकात कर रहे हैं। इसी क्रम में प्रदेश सरकार के पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री मदनलाल बिंद ने औराई विधायक दीनानाथ भास्कर के साथ लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। भाजपा नेता मदनलाल बिंद की नजर इस बार भदोही विधानसभा सीट पर है। वे लंबे समय से जिले में सक्रिय और भाजपा से जुड़े हुए हैं। मदनलाल बिंद की बिंद समाज के बड़े चेहरे के रूप में पहचान है। भदोही की राजनीति में उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है। बिंद समाज के साथ-साथ अन्य वर्गों में भी उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती है। इस मुलाकात को भले ही शिष्टाचार भेंट बताया जा रहा हो, लेकिन सियासी गलियारों में इसे भदोही विधानसभा सीट से टिकट की दावेदारी से जोड़कर देखा जा रहा है। इस मुलाकात के बाद चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया है। फिलहाल भाजपा में टिकट वितरण को लेकर कोई औपचारिक प्रक्रिया अभी शुरू नहीं हुई है,



लेकिन जिस तरह से मदनलाल बिंद की सक्रियता बढ़ी है और वे मुख्यमंत्री और संगठन के बड़े नेताओं से मिल रहे हैं, वह साफसंकेत दे रही है कि उन्होंने भदोही विधानसभा सीट के लिए अभी से लखनऊ में लॉबिंग तेज कर दी है।

महाराजगंज की ऐतिहासिक रामलीला का शुभारंभ

महाराजगंज। औराई थाना क्षेत्र के महाराजगंज की ऐतिहासिक रामलीला का शुभारंभ रविवार, 11 अक्टूबर को नारद मोह के मंचन के साथ हुआ। रामलीला में भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़ी विभिन्न लीलाओं का मंचन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 19 अक्टूबर तक किया जाएगा। रामलीला के दूसरे दिन सोमवार, 12 अक्टूबर को राम जन्म और ताड़का वध की लीला का मंचन होगा। इसके बाद 13 अक्टूबर को बारी-फुलवारी, 14 अक्टूबर को धनुष यज्ञ और परशुराम-लक्ष्मण संवाद तथा 15 अक्टूबर को श्रीराम विवाह की लीला प्रस्तुत की जाएगी। इसी क्रम में 16 अक्टूबर को श्रीराम वनवास, 17 अक्टूबर को नककटिया और सीता हरण, 18 अक्टूबर को बालि वध और लंका दहन तथा 19 अक्टूबर को लक्ष्मण शक्ति और कुंभकर्ण वध की लीला का मंचन किया जाएगा।

श्रीराम जन्म, ताड़का वध का भव्य मंचन

सुरियावां। नगर की ऐतिहासिक रामलीला के दूसरे दिन रविवार को श्रीराम जन्म, महर्षि विश्वामित्र के आगमन और ताड़का वध की लीलाओं का भव्य मंचन किया गया। वृंदावन से आए कलाकारों ने अपने सजीव अभिनय और आकर्षक प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रभु श्रीराम की लीलाओं के मंचन से रामलीला परिसर भक्तिमय हो उठा। बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं ने भाव-विभोर होकर भगवान श्रीराम की लीलाओं का आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमुख समाजसेवी रामेश्वर उमर वैश्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद कलाकारों ने श्रीराम जन्म की लीला का मंचन किया। महर्षि विश्वामित्र के अयोध्या आगमन और उनके साथ भगवान श्रीराम के वन गमन प्रसंग को भी प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।

एमआरपी से अधिक कीमत वसूलने पर हार्डवेयर, मिठाई विक्रेता पर कारवाई

ज्ञानपुर। जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देश पर विधिक माप विज्ञान विभाग ने सोमवार को जिले के विभिन्न बाजारों में सघन निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान सर्राफ, कपड़ा, मिठाई, हार्डवेयर, किराना, फल और पेट्रोल पंप सहित 12 प्रतिष्ठानों की जांच की गई। अनियमितताएं मिलने पर हार्डवेयर और मिठाई विक्रेता के खिलाफ विधिक कार्रवाई की गई। वरिष्ठ निरीक्षक एवं विधिक माप विज्ञान अधिकारी चंद्रजीत यादव के नेतृत्व में उगापुर, औराई, बभनौटी सहित विभिन्न बाजारों में निरीक्षण किया गया। इस दौरान हार्डवेयर विक्रेता मेसर्स जवाहरलाल, पुत्र स्व. गिरधर प्रसाद और मिष्ठान विक्रेता बृजेश मोदनवाल, पुत्र किसमिस मोदनवाल के विरुद्ध विधिक माप विज्ञान अधिनियम, 2009 की संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की गई।

मुकुट पूजा के साथ शुरू हुई ऐतिहासिक रामलीला

गोपीगंज। नगर की सुप्रसिद्ध और ऐतिहासिक बाबा कबूतर नाथ रामलीला का शुभारंभ रविवार की रात वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मुकुट पूजा के साथ हुआ। रामलीला व्यास ने विधि-विधान से मुकुट पूजन कराया। प्रमुख उद्योगपति एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष बृजेश गुप्ता ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर रामलीला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बृजेश गुप्ता ने कहा कि रामचरितमानस हमें जीवन जीने की सही दिशा दिखाती है। इसके नियमित पाठ के साथ ही इसमें निहित



आदर्शों को अपने आचरण में उतारना भी जरूरी है। उद्घाटन समारोह में पहुंचे बृजेश गुप्ता का नागरिक अभिनंदन किया गया। आयोजकों ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया और अंगवस्त्रम भेंट किया।

स्नातक, शिक्षक एमएलसी चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा

ज्ञानपुर। स्नातक एवं शिक्षक एमएलसी चुनाव की तैयारियों को लेकर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय ज्ञानपुर में संगठनात्मक बैठक हुई। इसमें चुनावी रणनीति, संगठनात्मक समन्वय और पोलिंग स्टेशन स्तर तक कार्यकर्ताओ की सक्रियता बढ़ाने पर चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने शिक्षक एवं स्नातक मतदाताओं से संपर्क मजबूत करने पर जोर दिया। बैठक के मुख्य अतिथि काशी क्षेत्र के महामंत्री एवं सोनभद्र सदर के ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत रहे। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री अखिलेंद्र सिंह बघेल ने किया। मंच पर स्नातक एमएलसी चुनाव के संयोजक एवं पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष पांडेय, शिक्षक एमएलसी चुनाव के संयोजक कुंवर प्रमोद चंद मौर्य और वरिष्ठ नेता नागेंद्र सिंह मौजूद रहे।

जिला स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता में शिवाली ने हासिल किया दूसरा स्थान

बाबूसराय। जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में दौड़ स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बाबूसराय इंटर कॉलेज की कक्षा 12 की छात्रा शिवाली मौर्य ने दूसरा स्थान हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में शामली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि शिवाली मौर्य दूसरे स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता में सफलता हासिल करने के बाद शिवाली मौर्य के बाबूसराय इंटर कॉलेज पहुंचने पर छात्राओं ने उनका भव्य स्वागत किया।

वेटरेंस नेशनल चैंपियनशिप में चंचल मौर्य ने जीते दो पदक



खमरिया। तमिलनाडु के कोयंबटूर में आयोजित पांचवीं वेटरेंस स्पोर्ट्स एंड गेम्स नेशनल चैंपियनशिप 2026 में खमरिया निवासी चंचल कुमार मौर्य ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो पदक अपने नाम किए। उन्होंने 10 हजार मीटर दौड़ में दूसरा स्थान हासिल कर रजत पदक, जबकि पांच हजार मीटर दौड़ में तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता। उनकी इस उपलब्धि से भदोही सहित पूरे उत्तर प्रदेश का नाम रोशन हुआ है। स्पोर्ट्स एंड गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से नेहरू स्टेडियम, कोयंबटूर में सात से 11 अक्टूबर तक आयोजित प्रतियोगिता में चंचल कुमार मौर्य ने उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में उन्होंने अपनी प्रतिभा और दमखम का प्रदर्शन करते हुए दोनों स्पधाओं में सफलता हासिल की। चंचल की इस उपलब्धि पर वेटरेंस खेल से जुड़े पदाधिकारियों और भदोही के खेल प्रेमियों ने प्रसन्नता जताई। उन्होंने चंचल कुमार मौर्य को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सड़क पर घूम रहे जानवर को बचाने में बाइक से गिरे मां-बेटे, घायल

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के सीखापुर गांव के पास सड़क पर घूम रहे जानवर को बचाने के प्रयास में बाइक असंतुलित होकर गिर गई। हादसे में बाइक सवार मां-बेटे घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, मिर्जापुर जनपद के कछवां निवासी अमरदीप यादव (17) पुत्र अमरेश यादव अपनी मां माया देवी (47) पत्नी अमरेश यादव के साथ बाइक से घर जा रहे थे। सीखापुर गांव के पास सड़क पर अचानक घूम रहे जानवर को बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित हो गई, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने घायलों की मदद की। सरकारी एंबुलेंस के ईएमटी आशीष कुमार और पायलट उमाशंकर की सहायता से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार किया गया।

बाइकों की टक्कर में युवक घायल

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के नरऊर गांव के पास सोमवार को दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक युवक घायल हो गया। घायल की पहचान कौलापुर गांव निवासी अखिलेश शुक्ला (39) के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार, अखिलेश शुक्ला बाइक से मीरजापुर जा रहे थे। नरऊर के पास पहुंचने पर सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में अखिलेश घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने घायल युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज में भर्ती कराया। वहां उनका उपचार किया गया।

पहली शादी रहते दूसरी शादी कराने का आरोप, छह पर मुकदमा

गोपीगंज। पहली शादी कानूनी रूप से समाप्त हुए बिना पत्नी की दूसरी शादी कराए जाने का आरोप लगाते हुए एक युवक ने न्यायालय की शरण ली। मामले में न्यायालय के आदेश पर गोपीगंज पुलिस ने पत्नी समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ऊंज थाना क्षेत्र के सरावां गांव निवासी विजय कुमार के अनुसार, वह दिल्ली में वेल्डिंग का काम करता है। उसकी गांव की ही रेशमा से जान-पहचान थी। विजय का दावा है कि रेशमा के माता-पिता उसकी इच्छा के विरुद्ध दूसरी जगह शादी तय कर रहे थे। इसके बाद दोनों ने आपसी सहमति से 23 फरवरी 2026 को दिल्ली के तीस हजारी स्थित आयज़ समाज वैदिक संस्थान में हिंदू रीति-रिवाज से शादी की। युवक का कहना है कि दो मार्च 2026 को विवाह का पंजीकरण भी कराया गया था।

कराटे चैंपियनशिप में गुरुकुलम की छात्राओं ने लहराया परचम



गोपीगंज। वाराणसी के ग्रीन वैली इंग्लिश स्कूल में आयोजित आलोक तिवारी मेमोरियल कप-2026 एवं 11वीं ऑल यूपी ओपन कराटे चैंपियनशिप में गुरुकुलम शिक्षण संस्थान, गोपीगंज की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में संस्थान ने द्वितीय स्थान हासिल कर जिले का मान बढ़ाया। छात्राओं की इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी का माहौल है। प्रतियोगिता में संस्थान की कुल 18 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इनमें काश्वी मौर्या और यशी पांडेय ने अपने-अपने वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। वहीं, वैष्णवी पाठक, अनन्या पांडेय, असफिया बानो, आंचल यादव, शैलिजा तिवारी, मान्या सिंह, शगुन सिंह, मान्शी पांडेय और सिया पांडेय ने रजत पदक हासिल किया। इसी क्रम में प्रज्ञा पाठक, वैष्णवी पांडेय, अविका यादव, सोनाक्षी चौबे, आराध्या पाठक, दृष्टि मिश्रा और सौम्या मौर्या ने कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

दो दिवसीय अथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन

खमरिया। शिक्षा के साथ साथ खेल को बढ़ावा देते हुए नगर पंचायत खमरिया में स्थापित रामसजीवन लाल इंटर कॉलेज के मैदान पर दो दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है । जिसमें भदोही जोन सुरियांवा जोन डीघ जोन ज्ञानपुर जोन के दर्जन भर इंटर कॉलेजों के कुल 360 खिलाड़ियों ने भाग लिया है। सुबह से ही पूरे मैदान को ध्वज व रंगोली से सजाया गया है। करीब ग्यारह बजे मुख्य अतिथि के रूप में पहुचे औराई के विधायक दीनानाथ भाष्कर ने सर्वप्रथम माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और दीप प्रज्वलित किया वहां पर उपस्थित अध्यापक बंधु सहित अन्य गणमान्य लोगों ने माननीय विधायक का अंगवस्त्रम व माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसके बाद पिछले साल के प्रथम विजेता भदोही जोन का ध्वजारोहण किया तत्पश्चात मशाल जलाकर पूर्व विजेता यश यादव को मशाल धावक के पूरे मैदान का चक्कर लगा कर और शान्ति का स्वरूप सफेद कबूतर ऊडाकर खेल का शुभारंभ किया गया। आगे माननीय विधायक जी ने अपने वक्तव्य में कहा कि प्रत्येक छात्र छात्राओं को पढाई के खेल में भी आगे रहना चाहिए आज हमारे देश के खिलाड़ी भारत देश में ही नहीं विदेशों में भी अपना परचम लहरा रहे हैं और गोल्ड मेडल और सिल्वर मेडल जीत रहे हैं साथ में उन्होंने ने कहा कि हमारा देश इतना मजबूत बने कि



कोई भी दुश्मन देश हमारे देश के तरफ आंख उठाकर न देख सके उसको आंख उठाने से पहले उसकी आंख निकाल कर हम अपने हाथ में रख ले साथ में उन्होंने यह भी कहा कि 120 प्रथम 120 द्वितीय और 120 तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी खिलाड़ियों को मेरे तरफ से टी शर्ट दिया जायेगा।

लकड़ी हटाने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के तिलगा बैशान गांव में लकड़ी हटाने को लेकर सोमवार को दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। खूनी संघर्ष में महिला सहित दस लोग घायल हो गए। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। सभी घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार किया गया। गंभीर चोट लगने के कारण कई घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, तिलगा बैशान गांव में लकड़ी हटाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हुआ। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया। घटना में चंद्रभान सिंह (50), प्रिंस सिंह (20), शीतला देवी (45), राजकुमारी देवी (24), रिंकी देवी (25), निशा सिंह (40), उदय प्रताप सिंह (52), महाबली सिंह (56), रीमा सिंह (34) और अनीता देवी (40) घायल हो गईं।

दुर्गा पूजनोत्सव का शुभारंभ, कुंवर प्रमोद चंद ने किया पूजन

ज्ञानपुर। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर बेरासपुर स्थित बाबा बेरासनाथ मंदिर परिसर में दुर्गा पूजनोत्सव का शुभारंभ हुआ। भाजपा नेता कुंवर प्रमोद चंद मौर्या ने विधि-विधान से मां दुर्गा का पूजन-अर्चन कर आरती उतारी। इसके बाद फीता काटकर पूजनोत्सव का विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल रहा



और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इस अवसर पर कुंवर प्रमोद चंद मौर्या ने कहा कि मां दुर्गा के स्वरूप और उनके जीवन से अन्याय के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा मिलती है। समाज में अन्याय का हमेशा विरोध करना चाहिए और सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन लोगों को आध्यात्मिक शक्ति प्रदान करने के साथ ही अपनी संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों से जुड़ने का अवसर देते हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के साथ ही उन्हें भारतीय संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों से भी परिचित कराएं।